# प्रतिवेदन

## परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण

**परियोजना का नाम :–** पी.एम.जी.एस.वाई के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में भगौती से टिम्टा तक मोटर मार्ग।

पी.एम.जी.एस.वाई के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में भगौती से टिम्टा तक मोटर मार्ग, जिसकी लम्बाई 15.900 किमी0 आती है। जिसके निर्माण में सिविल सोयम भूमि 9.153 है0 तथा निजि भूमि 5.157 है0 प्रभावित हो रही है। उक्त मार्ग के निर्माण में 9.153 है0 सिविल सोयम भूमि के हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। उक्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 15.900 किमी0 है, तथा जिसकी चौड़ाई 9.00 मी0 है। वृक्षों की गणना 7.00 मी0 चौड़ाई में की गयी है, ताकि कम से कम वृक्ष प्रभावित हों। उक्त मार्ग के बन जाने से प्रभावित हो रहे ग्रामों का सीधा सम्बन्ध मुख्य मार्ग से हो जायेगा तथा ग्राम वासियों का अपनी फसल मंडी ले जाने में यातायात की सुविधा प्राप्त होगी तथ ग्राम वासियों का सीधा सम्पर्क तहसील मुख्यालाय, जिला मुख्यालय तथा चिकित्सालय से हो जायेगा।

उक्त मार्ग के निर्माण में विभिन्न प्रजाति के वृक्ष प्रभावित हो रहे है। (सूची संलग्न है)। इस मार्ग के निर्माण में कोई मन्दिर, मस्जिद, कब्रिस्तान आदि धार्मिक स्थल नहीं पडते है। उक्त मार्ग के निर्माण में भू–गर्भीय निरीक्षण भू–वैज्ञानिक द्वारा कराया गया है। (आख्या संलग्न है)।

अतः प्रश्नगत मार्ग में सिविल सोयम भूमि 9.153 है0 पड़ती है, जिसका पी0एम0जी0एस0वाई, लोक निर्माण विभाग, को हस्तान्तरण हेतु प्रस्ताव प्रेषित है।

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा

सहायक अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग
द्वाराहाट (अल्मोड़ा)

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग
द्वाराहाट (अल्मोड़ा)